भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3217
उत्तर देने की तारीख : 18.12.2025

रोजगार मेला पहल

3217. कु. सुधा आर. :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2022 से 30 जून 2025 तक रोजगार मेला पहल के अंतर्गत प्रदान की गई नौकरियों की वर्ष-वार, लिंग-वार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) मइलादुथुरई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस पहल के तहत कुल कितनी नौकरियाँ प्रदान की गई हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस पहल के तहत क्षेत्र-वार कुल कितनी नौकरियाँ प्रदान की गई हैं; और

(घ) 2022 से वर्ष-वार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के कितने व्यक्तियों को इस पहल के अंतर्गत नौकरियाँ प्रदान की गई हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (घ): माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिनांक 22 अक्टूबर, 2022 को रोजगार मेला की शुरूआत की। विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 40-50 शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर 17 रोजगार मेलों का अभी तक आयोजन किया जा चुका है। इन रोजगार मेलों में प्रतिभागी मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि के द्वारा कई लाख नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं।

17वें रोजगार मेले का आयोजन संपूर्ण देश के 40 स्थानों पर दिनांक 24.10.2025 को किया गया, जिसमें 51000 नियुक्ति पत्र विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि के द्वारा समारोह के दौरान वितरित किए गए।

रिक्त पदों को भरना एक निरंतर प्रक्रिया है। राज्य-वार, श्रेणी-वार ब्यौरा और नव सृजित पदों सहित विभिन्न भर्तियों का विवरण संबंधित मंत्रालयों/विभागों और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों(सीपीएसयू)/संबंद्ध कार्यालयों/अधीनस्थ कार्यालयों आदि द्वारा रखा जाता हैं।

******